# माघ मेले की मर्यादा से खिलवाड़

**खास बातें**

- रीलबाजी के लिए धर्म और सरकार को किया जा रहा बदनाम
- जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती ने दी अपनी प्रतिक्रिया



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 22 जनवरी, प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा पालकी के साथ संगम स्नान को लेकर योगी सरकार और उत्तर प्रदेश शासन प्रशासन के साथ तथाकथित उपजे विवाद पर संत समाज के भीतर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है.**

नगर में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन को संबोधित करने आए रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज ने एक विशेष चर्चा में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के प्रयागराज में चल रहे माघ मेले में पालकी सहित जुलूस और संगम स्नान को लेकर उठे विवाद पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि धर्माचार्य का कार्य धर्म की रक्षा करना है, न कि धार्मिक आयोजनों की मर्यादा भंग करना. जगदगुरु डॉ वेदांती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि माघ मेला भारतवर्ष के तपस्वी संतों, गृहस्थों और कल्पवासियों का मेला है, जहां मंत्र-जप, तप साधना और संयम का वातावरण रहता है. माघ मेले में शाही स्नान या शोभायात्रा की कोई प्राचीन परंपरा नहीं है. शाही स्नान केवल कुंभ और महाकुंभ में होता है. ऐसे में माघ मेले में इस प्रकार की गतिविधियां श्रद्धालुओं की आस्था और सुविधा दोनों के विपरीत हैं. उन्होंने कहा कि परंपरागत रूप से जगदगुरु शंकराचार्य, महामंडलेश्वर या महंत माघ मेले में शोभायात्रा नहीं निकालते, जिससे आम भक्तों को असुविधा हो. इसके बावजूद यदि जानबूझकर अनुशासन तोड़ने और भीड़ को उकसाने का प्रयास किया जाए, तो प्रशासन को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाने पड़ते हैं.

डॉ. वेदांती ने प्रयागराज माघ मेले में मेला प्रशासन और सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिएशासन-प्रशासन ने सराहनीय कार्य किया.मार्गदर्शन से लेकर सुरक्षा तक, हर स्तर पर पुलिस और प्रशासन ने विनम्रता के साथ जिम्मेदारी निभा रहा है.उन्होंने कहा कि ऐसे में सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाना अनुचित और दुर्भावनापूर्ण है. जगदगुरु ने आरोप लगाया कि कुछ लोग जानबूझकर विवाद खड़ा कर सोशल मीडिया पर रील बनाने और प्रचार पाने के उद्देश्य से सरकार को बदनाम करना चाहते हैं.इससे न केवल सरकार, बल्कि हिंदू धर्म और विश्व प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र की छवि भी प्रभावित होती है.उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान में हिंदू समाज सनातन धर्म तीर्थों को, मंदिरों को संरक्षण, पोषण देने वाली सरकार मिली है, तो संत समाज और अनुयायियों की भी जिम्मेदारी है कि वे मर्यादा और अनुशासन का पालन करें.

### शंकराचार्य जैसा सर्वोच्च पद स्वयं न्याय देने वाला होता है, ना कि न्याय मांगने वाला

अविमुक्तेश्वरानंद के शंकराचार्य पद को लेकर चल रहे विवाद के सवाल पर भी जगदगुरु ने गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य घोषित करने की परंपरागत प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है. वह मनमुखी शंकराचार्य हैं, उनके गुरु स्वरूपानंद जी ने उन्हें शंकराचार्य घोषित नहीं किया, फिर भी इस पद का उपयोग कर सार्वजनिक विवाद खड़ा किया जा रहा है. शंकराचार्य पद को सुप्रीम कोर्ट में ले जाकर उन्होंने कहा कि शंकराचार्य जैसा सर्वोच्च पद स्वयं न्याय देने वाला होता है, न कि न्याय मांगने वाला.जगदगुरु डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती ने दो टूक कहा कि संत किसी एक पार्टी, दल या विचारधारा के नहीं होते। संत का दायित्व वेद, शास्त्र, पुराण और गुरु परंपरा के अनुसार आचरण करना है. माघ मेले जैसे पवित्र आयोजन को विवाद और प्रचार का मंच बनाना धर्म की मर्यादा के खिलाफ है और इसका वह समर्थन नहीं करते.मालूम हो कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य हैं, लेकिन उनके शंकराचार्य पद को लेकर संत समाज में विवाद है और अन्य शंकराचार्य उन्हें मान्यता नहीं देते, जिस कारण प्रयागराज माघ मेले में उनके प्रोटोकॉल को लेकर हाल ही में विवाद हुआ था. उन्होंने अपने गुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन के बाद खुद को ज्योतिर्मठ का शंकराचार्य घोषित किया था, जिस पर कानूनी और धार्मिक सवाल उठे हैं और मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है.

## डंपर ने मासूम को रौंदा, भोपाल रैफर



**नवभारत न्यूज**

**पठारी 22 जनवरी, स्थानीय खुरई मार्ग पर चश्मा स्टेडियम के सामने तेज रफ्तार से आ रहे एक डंपर ने साढे तीन साल के मासूम बच्चे को कुचल दिया. अगले पहिए के नीचे बच्चें के पैर आ गए और काफी बुरी तरह घायल हो गया. प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हसन पुत्र आशिक खान उम्र साढे तीन वर्ष निवासी पठारी की हालत काफी नाजुक हो गई थी.गंभीर घायल अवस्था में भोपाल रेफर कर दिया गया.**

घटना की सूचना मिलते ही परिजनों एवं लोगों ने डंपर को घेर कर काफी हंगामा किया घटना स्थल पर टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला सहित पुलिस पहुंची और भीड़ को बमुश्किल समझा कर डंपर को थाने में लाया गया.टीआई गजेंद्र सिंह बुंदेला ने बताया कि बच्चों को भोपाल रेफर कर दिया गया है और डंपर को थाने में रखवा दिया गया है.

### 15 दिवसीय भव्य रामलीला का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नटेरन में स्थित प्रसिद्ध श्री भैरो जी के मेले का भव्य आयोजन होने जा रहा है.15 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाएगा, जो 23 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा.रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओपी श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि रामलीला का शुभारंभ 23 जनवरी से हैं जिसमें 15 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया जाएगा. जो 23 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगा. रामलीला में भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित प्रसंगों का भव्य मंचन किया जाएगा.

## गौवंश के अवशेष मिलने पर अज्ञात के खिलाफ एफ आई आर दर्ज

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,** थाना कुरवाई में दर्ज एफआईआर के अनुसार थाना कुरवाई के ग्राम लायरा चक में खेत व नाले मे गोवंश के अवशेष मिलने का मामला सामने आया है.पुलिस को इस संबंध में 21 जनवरी 2026 को सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया. एफआईआर में उल्लेख है कि यह घटना 18 जनवरी 2026 से 21 जनवरी 2026 के मध्य की है मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 325, मध्यप्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की संबंधित धाराओं के तहत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है. मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है तथा अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है.

### एक नजर में

#### नगद इनाम की घोषणा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के द्वारा थाना पठारी में दर्ज अपराध क्रमांक 90/2026 की विभिन्न धाराओ का फरार आरोपी गुल्ला पुत्र बाबूलाल आदिवासी निवासी ग्राम खजूरिया थाना पठारी की सूचना देने वालो को पांच हजार रूपए की नगद राशि देने की उद्घोषणा की है.सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा.

#### खड़ेर में सामुदायिक भवन हेतु भूमि का सीमांकन कर पंचायत को सुपुर्द

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** नटेरन तहसीलदार आनंद जैन ने बताया कि तहसील के ग्राम खड़ेर में आज सामुदायिक भवन निर्माण के लिए चिन्हित भूमि का सीमांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया.सीमांकन के उपरांत उक्त भूमि को औपचारिक रूप से ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया, जिससे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का मार्ग प्रशस्त हो गया है.सीमांकन की कार्यवाही राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुई. इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सीमांकन की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की संभावना को समाप्त करने हेतु अभिलेखों का मिलान किया गया. सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्राम खड़ेर के ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक स्थायी और सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध होगा.ग्रामीणों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया.

## मतदाता सूची में कथित साजिश से उबाल फर्जी आपत्तियों पर कांग्रेस का बड़ा आरोप



**एसआईआर की आड़ में अल्पसंख्यक मतदाताओं को बाहर करने की कोशिश, कांग्रेस ने आंदोलन की चेतावनी दी**

**नवभारत न्यूज**

**सांची,**निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से लागू की गई विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया अब विवादों में घिरती नजर आ रही है. सांची विधानसभा क्षेत्र में दावेङ्कआपत्तियों के नाम पर जिस तरह से चुनिंदा समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है, उसने पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश और खलबली पैदा कर दी है.

आरोप है कि मतदाता सूची सुधार की इस प्रक्रिया का दुरुपयोग कर विशेषकर अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं को योजनाबद्ध तरीके से परेशान किया जा रहा है। दूर-दराज के क्षेत्रों के लोगों के नाम से सैकड़ों-हजारों आपत्तियां दर्ज कराई जा रही हैं, जिनका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है.इसके चलते निर्दोष मतदाता बार-बार बीएलओ और सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं.इसी गंभीर मामले को लेकर ब्लॉक कांग्रेस सांची ने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार सांची ललित सक्सेना को सौंपा. ज्ञापन में स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि एसआईआर प्रक्रिया अब पारदर्शिता नहीं, बल्कि उत्पीड़न का माध्यम बनती जा रही है.कांग्रेस का आरोप है कि सांची विधानसभा क्षेत्र में हजारों मतदाताओं के नामों पर फर्जी और संदिग्ध आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं, जिनका उद्देश्य मतदाता सूची से एक समुदाय विशेष को बाहर करना प्रतीत होता है.ज्ञापन में मांग की गई है कि ऐसे सभी आपत्तिकर्ताओं की तत्काल जांच की जाए और यदि आपत्तियां झूठी या फर्जी पाई जाती हैं, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए. कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने इस गंभीर मामले में निष्पक्ष और सख्त कदम नहीं उठाए, तो ब्लॉक कांग्रेस को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा. ज्ञापन की प्रतिलिपि मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग एवं भारत निर्वाचन आयोग को भी भेजी गई है.इस संबंध में नायब तहसीलदार सांची श्री ललित सक्सेना ने कहा ज्ञापन प्राप्त हुआ है, जिसे आवश्यक कार्रवाई हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है.ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री अंकित मेहतो ने तीखे शब्दों में कहा एक विशेष समुदाय के मतदाताओं के नामों पर जिस तरह से संदेहास्पद आपत्तियां दर्ज की जा रही हैं, वह लोकतंत्र की आत्मा पर चोट है.यदि इसकी निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो यह साबित हो जाएगा कि मतदाता सूची से लोगों को जानबूझकर बाहर करने की कोशिश हो रही है.जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि श्री रामबाबू सराठे ने एक गंभीर उदाहरण देते हुए बताया कि जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बांसखेड़ा में लगभग 12 दर्जन मतदाताओं के नामों पर एक ही समुदाय को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं.उन्होंने कहा कि जब हमने कथित आपत्तिकर्ता से संपर्क किया तो उसने साफ इनकार कर दिया और कहा कि उसके नाम से किसी ने फर्जी आपत्ति दर्ज की है.यह सीधे-सीधे धोखाधड़ी है और हम इस मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी से सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं.मतदाता सूची में कथित फर्जीवाड़े के ये आरोप अब केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र की निष्पक्षता की अग्निपरीक्षा बन चुके हैं.

## विद्यार्थियों ने देखा 100 वर्षों से पुराने समाचार पत्रों का संग्रह

**शैक्षणिक भ्रमण पर निकले छात्र**

**विश्वविद्यालय व आंचलिक विज्ञान केंद्र का किया भ्रमण**



**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, ब्लॉक स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण अंचलों के साथ ही शहर के शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भोपाल स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय तथा आंचलिक विज्ञान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया.**

इस शैक्षणिक यात्रा में ग्राम घटवार, इकलोद, गरेंठा, सेमलखेड़ी सहित शहर के सांदीपनी, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मॉडल स्कूल एवं अन्य शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की. माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों ने विशाल पुस्तकालय, 100 वर्षों से अधिक पुराने समाचार पत्रों का संग्रह, सभागार, मीडिया एवं पत्रकारिता से जुड़ी शैक्षणिक गतिविधियों को नजदीक से देखकर समझा और अनुभव किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए भविष्य में लक्ष्य निर्धारण हेतु सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया. इसके पश्चात विद्यार्थी आंचलिक विज्ञान केंद्र पहुंचे. जहां उन्होंने विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित कार्यशील मॉडल, प्रयोगात्मक प्रदर्शनियां देखीं. और विज्ञान को देखकर, समझकर सीखने का अनुभव प्राप्त किया. इस दौरान बच्चों के चेहरों पर सीखने का उत्साह और खुशी दिखाई दी. विद्यार्थियों ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से उनको नई नई जानकारियां एवं अनुभव मिले. इस दौरान सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार, खेल शिक्षक शान मियां, शिक्षक सुरेश चंद्र जैन, वर्षा परिहार, पहलवान सिंह, प्रगति केवट, सोनू श्रीवास्तव, सुधीर जैन,सहित कई शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे.





## एडीएम ने तहसील कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने गुरुवार को सिरोंज एसडीएम व तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय की विभिन्न शाखाओं में संचालित कार्यों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की. उन्होंने राजस्व प्रकरणों की स्थिति, लंबित मामलों के निराकरण, रिकॉर्ड संधारण, आवेदनों के निपटारे एवं आम नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली. उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसमस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने तथा शासन की मंशा अनुरूप कार्यों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान कार्यालय में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच की गई तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि तहसील कार्यालय में आने वाले नागरिकों को सुविधाजनक, त्वरित एवं संतोषजनक सेवाएं मिलना आवश्यक है. उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण, रिकॉर्ड अद्यतन रखने तथा फील्ड स्तर पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

### आज होगी ब्राह्मण भोज की लीला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** रामलीला में श्री राम विवाह के पश्चात विवाह उत्सव एवं ब्राह्मण भोज की लीला सम्पन्न होगी. श्रीराम बारात के अयोध्या वापसी के उपरांत अयोध्या में चारों तरफ हर्षोल्लास का वातावरण होगा. घर घर खुशियां मनाई जाएगी. मंगलगीत गाये जायेंगे,पुर की नारियां प्रसन्न होकर सुसज्जित स्वर्ण थालियों से चारों राजकुमारों एवं बहुओं की आरती उतारेंगी एवं बहुरानियों को देखकर अति प्रसन्न होंगी.राजमहल में माताएं द्वार पर बहुओं सहित कुमारों की आरती उतारकर गहने,मणी, वस्त्र आदि न्योछावर करेंगी तथा वेद एवं कुल की रीति से अर्घ पांवड़े देते हुई महल में प्रवेश करेंगी.महाराज दशरथ बारातियों को वस्त्र,मणि एवं गहने भेंट करेंगे एवं अयोध्या के सब नर-नारियों को पहरावनी देंगे.अंतिम आरती के लीला सम्पन्न होगी.

## ग्रामीणों ने जानी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया



**ग्राम चौपाल में स्वदेशी अपनाने का दिलाया संकल्प**

**ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन**

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** बामोरीशाला सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन ग्राम बरेज में युवा दिवस के उपलक्ष्य में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्राम विकास पखवाड़ा के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन एवं नवांकुर संस्था सर्वधर्म जनकल्याण सेवा समिति के नेतृत्व में संपन्न हुआ. ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार पर विशेष रूप से जोर दिया गया. कस्बाताल समिति के अध्यक्ष माखन सिंह महावर ने उपस्थित ग्रामीणों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का महत्व समझाते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ते हैं. इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी दिलाया.

### बांसखेड़ी गूगल में भी हुआ आयोजन

संचालित नवांकुर योजना के तहत चयनित संस्था जनकल्याण समाजसेवा समिति गरेंठा द्वारा सेक्टर स्तरीय ग्रामोदय से अभ्युदय प्रदेश कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बांसखेड़ी गूगल में किया गया. जिसमें अतिथि शैलेंद्र सिंह रघुवंशी, रामचरण कुर्मी, रामकृष्ण धाकड़, विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी मौजूद रहे. इस दौरान रामचरण कुर्मी ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी. शैलेंद्र रघुवंशी एवं चरण सिंह राजपूत ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने पर जोर दिया. रामकृष्ण धाकड़ ,किशोर कुमार,दिनेश शाक्य ने परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम में किशोर कुमार, धर्मराज शर्मा, रतनलाल साहू, सुनील शाक्य, अंकेश पटेल, वीरन कुर्मी, लालाराम, भैया लाल, रूप सिंह, अमोल सिंह, हजारीलाल, धनराज सिंह, प्राण सिंह, दिमान सिंह, सुमित, अमित, गोलू, भूरा, प्रेम सिंह, शिवम, वैभव सहित ग्रामीण मौजूद रहे.

**आयोजन** | **भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आस्था ने रची अयोध्या की अनुभूति**

## श्रद्धा ने दूरी मिटाई, नगर में दिखी अयोध्या की झलक



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,** भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर नगर में ऐसा दृश्य देखने को मिला, जिसने यह स्पष्ट कर दिया कि आस्था के लिए दूरी कोई बाधा नहीं होतीभौगोलिक रूप से अयोध्या भले ही दूर रही, लेकिन रामलला के भक्तों में श्रद्धा के भाव इतने प्रबल थे कि नगर के मंदिरों और आयोजनों में अयोध्या जैसा वातावरण दिखाई दिया। गुरुवार को नगर के विभिन्न मंदिरों में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के मौके पर दिन भर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला मंडलों ने भजनङ्कीर्तन के माध्यम से रामलला के आगमन का उत्सव मनाया.प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया गया.मालूम हो कि 500 साल के लंबे संघर्ष के बाद श्री राम जन्मभूमि अयोध्या जी में भगवान रामलला का भव्य और दिव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है.अभी तक देश भर से करोड़ों श्रद्धालु अयोध्या में भगवान रामलला के मंदिर के दर्शन कर चुके हैं। गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगर में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया. नगर के स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर सहित अन्य मंदिरों के अलावा बहलोट बाईपास स्थित पिपलेश्वर नवदुर्गा मंदिर में महिला मंडलों ने निराश्रितों और बेसहारा लोगों के लिए अपने हाथों से पकवान तैयार कर भोजन कराया. मंदिर में निराश्रितों के लिए संचालित निशुल्क भोजन सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन मंदिर में 100 से अधिक निराश्रितों को भोजन कराया जाता है. पूरे आयोजन में यह भाव प्रमुख रहा कि राम मंदिर अयोध्या में है, लेकिन राम के प्रति श्रद्धा हर उस स्थान पर जीवित है, जहां भक्ति, सेवा और समर्पण है. नगर में आयोजित हुए इन आयोजनों ने यह संदेश दिया कि जहां भक्ति, सेवा और समरसता है, वहीं अयोध्या है और वहीं रामराज्य की अनुभूति होती है. तहसील परिसर विश्रामगृह के पास बेसहारा निराश्रितों के लिए वर्षों से संचालित अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र सेवा समिति द्वारा संचालित निशुल्क भोजनालय में भी भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ का उत्सव श्रद्धा आस्था और भक्ति के साथ मनाया गया. अन्नपूर्णा समिति के संस्थापक मगन दुबे ने बताया कि गुरुवार को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव नानाजी वाली गली स्थित हनुमान मंदिर के साथ-साथ समिति के भोजनालय पर धूमधाम से मनाया गया. दोनों समय करीब 500 से अधिक बेसहारों को पकवान की प्रसादी परोसी गई.

## दुनिया कृष्ण और सुदामा की मित्रता को आज भी याद करती-बालकृष्ण



**नवभारत न्यूज**

**पठारी, जिस व्यक्ति के कर्म प्रधान होंगे तो उसके द्वारा किए गए कर्म के आधार पर व्यक्ति की गणना होती है. रुपए से बड़ा आदमी बड़ा नहीं होता. जिस व्यक्ति का कर्म श्रेष्ठ बड़ा होता है वह व्यक्ति सबसे बड़ा होता है.**

हमारे चित में लगी हुई दाग को जो भक्ति भाव और चिंतन मनन से जागृत कर दे उसे चित कहते हैं.कोई सद्गुरु ऐसा भी होना चाहिए जो चिंता को त्रित से हटा दे.यह बात पठारी नगर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन संत श्री बालकृष्ण जी महाराज ने कहीं. अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पधारें.श्रीमद् भागवत कथा का गुरुवार को समापन हुआ. अंतिम दिन कथा वाचक पंडित बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि आज इतने युगों के बाद भी दुनिया कृष्ण और सुदामा की मित्रता को याद करती है.कृष्ण और सुदामा का प्रेम धन दौलत, रंग रूप और भेदभाव से परे निस्वार्थ प्रेम है.उन्होंने कहा कि किसी दूसरे के हक पर किसी दूसरे का अधिकार नहीं है.

शुभ हो आपकी हर सुबह, हर दिन, और पूरा जीवन...
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर / एप स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.
एन्ड्रॉयड
आई फोन